Nai Dunia (Indore), 29th August 2019, Nai Dunia Live, Page-15

# होलकर कॉलेज की टीम पहुंची आईआईटी

इंदौर। नईदुनिया प्रतिनिधि।

होलकर कॉलेज की तीन सदस्यीय टीम बुधवार को आईआईटी इंदौर पहुंची। टीम ने करीब तीन घंटे तक यहां की व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण किया।

प्राचार्य सुरेश सिलावट ने बताया कि हमारी टीम यहां पर गई थी। वहां पर लैब और क्लास रूम को देखा। इससे पहले हमारी टीम ने आईआईएम इंदौर का दौरा भी किया था। इसके अलावा आईआईटी दिल्ली भी जाएगी। गौरतलब है कि होलकर कॉलेज को 25 से 30 करोड़ की ग्रांट मिल रही है। जिससे नौ लैब, तीन बिल्डिंग और खेल गतिविधियों की सुविधाओं का निर्माण अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा। इसके लिए होलकर कॉलेजों की टीम देश के विभिन्न संस्थानों में जा रही है।